तापमान
अधिकतम 24 डिग्री
न्यूनतम 12 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 3 जनवरी 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 विकास की बाट जोह रहा प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण घघीया जलप्रपात



## खबर संक्षेप

### चावल उत्सव का ऐतिहासिक शुभारंभ

मनेन्द्रगढ़। जिले में छग राज्य गठन की रजत जयंती के ऐतिहासिक अवसर पर रजत जयंती चावल उत्सव का 2 जनवरी से भव्य एवं गरिमामय शुभारंभ किया गया, जो 9 जनवरी तक जिलेभर में आयोजित किया जाएगा। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में इस अवधि को विभागीय गतिविधियों के विशेष सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला खाद्य अधिकारी एवं समस्त खाद्य निरीक्षकों की उपस्थिति में किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न जनप्रतिनिधि भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। रजत जयंती चावल उत्सव के दौरान जिले की सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, निगरानी समिति के सदस्यों, दुकान संचालकों एवं काफी संख्या में हितग्राहियों की सहभागिता के साथ कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### दिनभर छाए रहे बादल ठंड में आई नरमी

सोनहत। खंड स्तर पर बीते दो दिनों से मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। आसमान में दिनभर हल्के बादलों की आवाजाही बनी रहने से ठंड का असर कुछ कम महसूस किया गया। विशेषकर 2 जनवरी को सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे, जिससे पूरे दिन बारिश के आसार बने रहे। दोपहर के समय बादलों के बीच हल्की धूप निकलने से मौसम कुछ देर के लिए साफ हुआ, लेकिन शाम होते ही फिर से बादलों ने आसमान को ढक लिया। इसके चलते तापमान में अपेक्षाकृत गिरावट कम रही और ठंड का असर अन्य दिनों की तुलना में हल्का महसूस किया गया। स्थानीय ग्रामीणों एवं किसानों का कहना है कि मकर संक्रांति से पूर्व वर्षा होना लगभग तय माना जाता है, जिससे फसलों को लाभ मिलने की संभावना रहती है। किसानों के अनुसार यह मौसम परिवर्तन रबी फसलों के लिए अनुकूल संकेत भी माना जा रहा है। लगातार बदलते मौसम को देखते हुए क्षेत्रवासियों ने ठंड से कुछ राहत महसूस की, वहीं आसमान में बादलों की आवाजाही से आने वाले दिनों में हल्की बारिश की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता।

### उमरदा पर की 5000 की शास्ति अधिरोपित

अनूपपुर। अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय ने जनसुनवाई में आए तहसील कोतमा के ग्राम मझटोलिया निवासी आवेदक शालिक राम केवट के भूमि के सीमांकन संबंधी प्रकरण का जन आकांक्षा पोर्टल में समाधानकारक/संतुष्टिपूर्वक निराकरण दर्ज नहीं करने तथा आवेदक को अनावश्यक रूप से परेशान करने तथा शिकायत के निराकरण पर अनावश्यक विलम्ब करने पर तहसील कोतमा के पटवारी हल्का उमरदा अनिल वर्मा पर 5 हजार रूपए की शास्ति अधिरोपित की है। उन्होंने पटवारी को अधिरोपित शास्ति की राशि अनिवार्य रूप से जिला रेडक्रास सोसायटी के बैंक खाता में जमा कराते हुए जमा राशि की पावती कलेक्ट्रेट स्थित लोक सेवा प्रबंधन कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

### एकीकृत किसान पोर्टल में संशोधन की तिथि बढ़ी

बैकुण्ठपुर। छग शासन ने किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत विवरणों के संशोधन की समय-सीमा बढ़ा दी है। कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब 7 जनवरी तक समिति लॉगिन के माध्यम से विवरण संशोधन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। जानकारी के मुताबिक 15 दिसंबर 2025 तक कैरीफारवर्ड, डूबान एवं वन पट्टाधारी किसानों के पंजीयन की व्यवस्था की गई थी। पंजीयन के बाद कई किसानों द्वारा अपने विवरणों में सुधार के लिए आवेदन प्राप्त हुए थे। इसी को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। संशोधन की प्रक्रिया राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं पटवारियों द्वारा किए गए भौतिक सत्यापन के उपरांत ही की जाएगी। इसके लिए सभी संबंधित समितियों को समिति लॉगिन में आवश्यक प्रावधान उपलब्ध करा दिया गया है। इस संबंध में वन एवं जलवायु परिवर्तन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, खाद्य नागरिक आपूर्ति, सहकारिता विभाग सहित कृषि, उद्यानिकी, सहकारी बैंक, मार्कफेड एवं एनआईसी के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि किसानों को समय पर सुविधा मिल सके। कृषि विभाग ने संबंधित अधिकारियों से आग्रह किया है कि वे अपने अधीनस्थों को निर्देशित कर किसानों को इस सुविधा का अधिकतम लाभ दिलाना सुनिश्चित करें।

**हरिभूमि के कैलेंडर 2026 का विमोचन** — जिला पंचायत अध्यक्ष मोहितराम पैकरा रहे मुख्य आतिथ्य

# हरिभूमि की पत्रकारिता लोकतंत्र की सशक्त आवाजः मोहित





हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर के प्रेमाबाग स्थित प्रेस भवन में 2 जनवरी को हरिभूमि कैलेंडर 2026 का भव्य एवं गरिमामयी विमोचन समारोह संपन्न हुआ। हरिभूमि कैलेंडर का विमोचन जिला पंचायत अध्यक्ष मोहितराम पैकरा के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

इस अवसर पर नगर पालिका शिवपुर-चरचा अध्यक्ष अरूण जायसवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बैकुंठपुर शैलेश शिवहरे, कांग्रेस कमेटी कोरिया के जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, वरिष्ठ कांग्रेस नेता योगेश शुक्ला, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष भूपेन्द्र यादव, भाजपा जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, जनपद सदस्य गणेश राजवाड़े, आईसेक्ट के जिला प्रबंधक नरेश सोनी, वरिष्ठ भाजपा नेता सुवेज अहमद नेपालू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं रजवार समाज के अध्यक्ष रविशंकर राजवाड़े, जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, अनिल साहू, छग अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन कोरिया जिला संयोजक डॉ. आरएस चंदे, जिला प्रवक्ता सुरेश एक्का, पूर्व सरपंच बुढ़ार सुनील भगत, राजेन्द्र डीजल के संचालक राजेन्द्र राणा, अधिवक्ता पास्कल टोप्पो विशेष रुप से मौजूद रहे। विमोचन कार्यक्रम में सर्व प्रथम सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन हरिभूमि कोरिया ब्यूरो प्रमुख प्रवीन्द सिंह के द्वारा किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला पंचायत कोरिया अध्यक्ष मोहितराम पैकरा ने कहा कि हरिभूमि केवल एक समाचार पत्र नहीं, बल्कि समाज की सशक्त आवाज और लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ है। हरिभूमि ने सदैव निष्पक्ष, निर्भीक और जनहितकारी पत्रकारिता को प्राथमिकता ⏭ शेष पेज 4 पर



### छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने किया कैलेंडर विमोचन

छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन कोरिया नए वर्ष 2026 का कैलेंडर विमोचन जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के द्वारा किया गया। इसमें संभाग प्रभारी राजेन्द्र सिंह दद्दा, संरक्षक शंकर सुमन मिश्रा, वरिष्ठ सदस्य प्रेम गुप्ता, प्रवक्ता सुरेश एक्का, कोषाध्यक्ष शिवलाल राजवाड़े, महामंत्री विश्वास भगत, जमुना प्रसाद राजवाड़े, डॉ.शुभम वर्मा, डॉ. राजू सिंह एवं फेडरेशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कैलेंडर विमोचन के दौरान सीईओ डॉ. चतुर्वेदी ने फेडरेशन के इस कार्य को सराहनीय कार्य बताया। इस अवसर पर फेडरेशन के पदाधिकारी द्वारा बुके भेट कर नए साल की बधाई दी। जिला संयोजक डॉ. आरएस चंदे द्वारा कोरिया जिले के समस्त कर्मचारियों-अधिकारियों को नए वर्ष की बधाई दी गई।

सुबह से छेरता मांगने घर-घर पहुंचती है बच्चों की टोली

# ग्रामीण अंचल में छेरछेरा की धूम आज



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रदेश का पारंपरिक व अन्नदान का महापर्व छेरछेरा जिले के ग्रामीण अंचल में लोगों के द्वारा समरसता व उल्लास के साथ मनाया जाएगा। मान्यता है कि छेरछेरा के दिन अन्न का दान करने से घर में सालभर सुख-समृद्धि और धन्य धान्य की कमी नहीं होती। यही कारण है कि छेरछेरा पर्व के दिन घर के दहलीज पर याचक को अनाज जरूर दान किया जाता है।

3 जनवरी को छेरछेरा पर्व के साथ पौष पूर्णिमा भी है,इस दिन गांव में बच्चों की टोली कंधे में थैला लटकाकर एक-एक घर के दरवाजे पर पहुंच कर छेरछेरा का दान प्राप्त करते हैं। इस अवसर पर प्रत्येक बच्चों की झोली को अन्न से भरा जाता है, वहीं कुछ लोगों के द्वारा अन्न के साथ रूपए भी दान करते हैं। आज छेरछेरा पर्व पर ग्रामीण अंचल में बच्चे सुबह होने के साथ ही छेरछेरा माई कोठी के धान ला हेर हेरा के स्लोगन के साथ गांव के सभी घरों में छेरता मांगते हैं। यह क्रम दिनभर चलता है। छेरछेरा पर्व को लेकर बच्चों में सबसे ज्यादा उत्साह रहता है, यही कारण है कि प्रत्येक घर के दहलीज पर बच्चों के द्वारा छेरता का अन्न मांगने के लिए पहुंचते हैं। वहीं आज के दिन माता शाकंभरी की जयंती मनाई जाती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार आज के दिन भगवान शिव ने माता अन्नपूर्णा से भिक्षा मांगी थी, ताकि संसार का कल्याण हो सके। इसी मान्यता को लेकर हर घर के लोग अपने दरवाजे पर मांगने वालों की झोली को कुछ अन्न देकर भर देते हैं।

### अन्न मांगने के बाद मनाते हैं पिकनिक

बच्चों के द्वारा छेरछेरा पर्व के दिन गांव के सभी घरों में अन्न मांगते हैं और एकत्र अन्न को बेचकर राशि प्राप्त करते हैं और फिर मिले अन्न एवं बेचे गए अन्न से प्राप्त रूपए की सहायता से आवश्यक सामग्री क्रय कर पिकनिक मनाते हैं, इसके अलावा बडे लोगों के द्वारा भी छेरछेरा का अन्न धन मांगने के बाद सामूहिक रूप से पिकनिक मनाते हैं।

### सुआ नृत्य कर अन्न की याचना

छेरछेरा पर्व के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में सुवा नृत्य भी किया जाता है और इस नृत्य करने वाले टोलियों को अन्न धन का दान किया जाता है। इस तरह सुवा नृत्य ग्रामीण क्षेत्रों में कई दिनों तक चलता है। नई फसल की कटाई करने के बाद जब घर में नया अन्न आता है, तब इसके खुशी में छेरछेरा पर्व मनाया जाता है।

# 82 ग्राम पंचायत सचिवों को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



■ पीएम आवास योजना में लापरवाही पर सीईओ सख्त

एमसीबी जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंकिता सोम ने सख्त कार्रवाई करते हुए 82 ग्राम पंचायतों के सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल है, जिसकी निरंतर निगरानी राज्य, जिला एवं जनपद पंचायत स्तर पर की जा रही है, इसके बावजूद कई ग्राम पंचायतों में प्रगति असंतोषजनक पाई गई है। जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 15,314 आवासों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके विरूद्ध अब तक 7,643 आवासों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है, जो जिले की उल्लेखनीय प्रगति को दशार्ता है। योजना की समीक्षा एवं निगरानी के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर नियमित निरीक्षण किए जा रहे हैं तथा निर्धारित समय-सीमा में आवासों के निर्माण को पूर्ण कराने के निर्देश दिए जा रहे हैं। आवासों की गुणवत्ता एवं समयबद्ध निर्माण सुनिश्चित करने के लिए आवास मित्रों की भूमिका को भी सशक्त किया गया है। निरीक्षण कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिए जिले के 92 आवास मित्रों को कुल 3 लाख 40 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है, जिससे योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को ⏭ शेष पेज 4 पर

# अवैध अंतर्राज्यीय चावल परिवहन पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिला प्रशासन ने अवैध चावल परिवहन एवं राइस मिल संचालन में गंभीर अनियमितताओं को लेकर कड़ा रूख अपनाया है। कलेक्टर कार्यालय (खाद्य शाखा) द्वारा केल्हारी तहसील के केवटी स्थित गोयल एग्रो केवटी राइस मिल के संचालक संजीव कुमार गोयल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

यह कार्रवाई केल्हारी अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती इंदिरा मिश्रा, भरतपुर अनुविभागीय अधिकारी शशि शेखर मिश्रा एवं खाद्य निरीक्षक भरतपुर प्रवीण मिश्रा तथा केल्हारी खाद्य निरीक्षक श्रीमती ममता भगत की संयुक्त जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 दिसंबर 2025 को मध्य प्रदेश-छग सीमा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घुघरी में 32 टन चावल से लदा वाहन जब्त किया गया था। इसके पश्चात 22 दिसंबर 2025 को गोयल एग्रो केवटी राइस मिल का भौतिक सत्यापन किया गया। संयुक्त जांच में यह तथ्य सामने आया कि मिल द्वारा नियमों को दरकिनार करते हुए अनाधिकृत रूप से अंतर्राज्यीय चावल परिवहन किया गया, साथ ही बिना अनुमति चावल का क्रय भी किया गया।

### राइस मिल सत्यापन में गंभीर अनियमितता

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत राइस मिल पंजीयन प्रक्रिया में गंभीर अनियमितता सामने आने पर जिला प्रशासन ने कड़ा रूख अपनाया है। गोयल एग्रो केवटी राइस मिल के भौतिक सत्यापन में लापरवाही बरतने के मामले में खाद्य निरीक्षक केल्हारी श्रीमती ममता भगत को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोयल एग्रो केवटी द्वारा 11 दिसंबर 2025 को ऑनलाइन माध्यम से राइस मिल पंजीयन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था। इसके पश्चात खाद्य निरीक्षक द्वारा 15 दिसंबर 2025 को मिल का भौतिक सत्यापन किया गया। हालांकि 22 दिसंबर 2025 को केल्हारी एवं भरतपुर अनुविभागीय अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा पुनः निरीक्षण किए जाने पर कई गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। चौकाने वाली बात यह रही कि संयुक्त निरीक्षण में पाई गई अनियमितताओं का उल्लेख पूर्व में खाद्य निरीक्षक द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में नहीं किया गया था।

### प्रवेश के लिए आवेदन 20 तक

अनूपपुर। श्रम पदाधिकारी अनूपपुर ने बताया कि मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल, भोपाल द्वारा प्रदेश के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के पुत्र-पुत्रियों के लिए श्रमोदय आवासीय विद्यालय भोपाल, इंदौर, जबलपुर एवं ग्वालियर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6 वीं, 7 वीं, 8 वीं एवं 9 वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इच्छुक विद्यार्थी 20 जनवरी 2026 तक ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी को आयोजित की जाएगी। परीक्षा के प्रवेश पत्र मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड के पोर्टल से डाउनलोड किए जा सकेंगे।

# भू-जल स्तर गिरने से बाधित हुई जल आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के विकासखंड बैकुंठपुर के ग्राम सीतापुर रकया में पिछले डेढ़ माह से पेयजल आपूर्ति बाधित होने के संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने स्थिति स्पष्ट की है।

विदित हो कि, इस आशयक को लेकर हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया था। विभाग के दावे केअनुसार ग्राम में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जीआई स्ट्रक्चर के माध्यम से जलप्रदाय किया जा रहा था, किंतु भू-जल स्तर में अत्यधिक गिरावट के कारण जल आपूर्ति प्रभावित हुई है। विभाग ने पूर्व में ग्राम में दो नलकूपों का खनन कराया था, परंतु उनमें पर्याप्त जल स्त्रोत उपलब्ध नहीं हो सका। अब इन नलकूपों को हाइड्रोफ्रैक्चरिंग के लिए प्रस्तावित किया गया है, जिसका कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाने की प्रक्रिया में है। इसके पश्चात ग्राम में नियमित जल आपूर्ति बहाल होने की उम्मीद है। फिलहाल ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से राहत देने के लिए पूर्व से स्थापित हैंडपंप में सबमर्सिबल पंप लगाकर सिंगल सिंटैक्स लाइन के माध्यम से अस्थायी रूप से जल प्रदाय किया जा रहा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों का कहना है कि विभाग स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं और जल आपूर्ति को स्थायी रूप से सुचारू करने के लिए आवश्यक पहल किए जा रहे हैं।


सीतापुर रकया में डेढ़ माह से पेयजल सप्लाई नहीं

हैडपंप की व्यवस्था नहीं बस्ती में

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

पूर्व विधायक गुलाब बोले-जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रही सरकार

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनहत में सोनोग्राफी सेवा ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ समय पर इलाज न मिलने से मरीजों की जान जोखिम में

जिले के सोनहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लंबे समय से बंद पड़ी सोनोग्राफी सुविधा को लेकर पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन के खिलाफ कड़ा रूख अपनाया है। उन्होंने इसे क्षेत्रीय जनता के साथ सरासर अन्याय करार देते हुए एक बड़ा बयान जारी किया है।

सोनोग्राफी सेवा बंद होने के कारण गर्भवती महिलाओं और गंभीर मरीजों को 50-60 किमी दूर




बैकुंठपुर या अन्य निजी केन्द्रों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं, इससे न केवल आर्थिक बोझ बढ़ रहा है, बल्कि समय पर इलाज न मिलने से मरीजों की जान भी जोखिम में है। पूर्व श्री कमरो ने कहा कि सोनहत के ग्रामीण और आदिवासी अंचल के लोग सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं के भरोसे रहते हैं। अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन होने के बावजूद उसका लाभ न मिलना प्रशासन की बड़ी विफलता है। विधायक श्री कमरो ने आरोप लगाया कि मशीन और सेटअप उपलब्ध होने के बाद भी ऑपरेटर या रेडियोलॉजिस्ट की व्यवस्था न करना शासन की मंशा पर सवाल उठाता है।

पूर्व विधायक ने स्पष्ट किया कि यदि जल्द ही सोनोग्राफी की सुविधा सुचारू रूप से शुरू नहीं की गई, तो वे जनता व हजारों कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करेंगे और सीएमएचओ कार्यालय का घेराव भी करेंगे।

उन्होंने मांग की है कि जिला प्रशासन तत्काल संज्ञान लेकर व्यस्था को सुचारू रूप से चालू करें और सप्ताह में कम से कम 3 दिन सेवा का लाभ मिले, जिससे गरीब और दूर-दराज के ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके।

### वनांचल की महिलाएं ज्यादा परेशान

कुछ दिवस पूर्व एक मामला आया था जब रामगढ़ से सोनोग्राफी कराने आई महिला को यह पता चला कि यहां तो सोनोग्राफी विगत कई महीनों से बंद है, महिला ने बताया कि उसे तकलीफ ज्यादा है और सोनोग्राफी कराना आवश्यक है। सोनहत आने के बाद जब उसे पता चला कि यहां तो सोनोग्राफी बंद है तो वह मायूस हो गई और अचानक उसके आंखों में आंसू आ गए। आस-पास के लोगों ने उसे बैकुंठपुर चले जाने की सलाह दी, इस पर महिला ने बड़े दुखी मन से कहा कि बैकुंठपुर जाने के लिए मेरे पास रूपए नहीं है।

# चिरमिरी हल्दीबाड़ी में कल होगी बहरूपिया प्रतियोगिता

■ प्रतियोगिता के लिए तैयारियां पूरी

बैकुण्ठपुर। यूथ क्लब चिरमिरी द्वारा आयोजित इस बहरूपिया प्रतियोगिता में एकल और समूह में सैकड़ों की संख्या में प्रतिभागी हिस्सा लेंगे, जिसमें एकल एवं समूह के प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम स्थान के प्रतिभागियों को ढेरों आकर्षक पुरस्कारों से पुरस्कृत किया जाएगा तथा शेष सभी प्रतिभागियों को विशेष सांत्वना पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा।

कार्यक्रम के संदर्भ में जानकारी देते हुए यूथ क्लब चिरमिरी के सदस्यों ने बताया कि यह बहरूपिया प्रतियोगिता 4 जनवरी रविवार की सुबह 10 बजे से शुरू होगी, जो सायं 4 बजे तक चलेगी। इस दौरान प्रतिभागी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद निर्णायक मंडल प्रतिभागियों के प्रदर्शन के आधार पर उन्हें प्रथम, द्वितीय, तृतीय व अन्य स्थान देंगे। तदोपरांत प्रतिभागियों को मंच से अतिथियों द्वारा ढेरों आकर्षक पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा। यूथ क्लब द्वारा आयोजित इस बहरूपिया प्रतियोगिता में चिरमिरी के गणमान्यजन, व्यापारी, जनप्रतिनिधियों के सहयोग से सफलतापूर्वक कई वर्षों से आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता की प्रसिद्धि इतनी बढ़ चुकी है कि अब इसे बहरूपिया महोत्सव के नाम से पूरे छग में जाना जाता है एवं इसमें हिस्सा लेने प्रतिभागी एमसीबी, कोरिया, सूरजपुर, सरगुजा, धमतरी के साथ ही पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश से भी उपस्थित हो रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### बैठक में नवा बिहान नशामुक्ति जागरूकता अभियान की गतिविधियों की समीक्षा

**अम्बिकापुर।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में संचालित नवा बिहान नशामुक्ति जागरूकता अभियान एवं परामर्श केंद्र के सदस्यों ने समाज सेविका सुश्री वन्दना दत्ता की अध्यक्षता में होटल सिग्नेचर इन में वर्ष 2025 की गतिविधियों की समीक्षा की तथा आगामी वर्ष की कार्ययोजना पर मंथन किया। बैठक में संयोजक मंगल पाण्डेय ने गतिविधियों की समीक्षा, लक्ष्यों के विरूद्ध प्राप्त उपलब्धियां, समुदाय पर पड़े सकारात्मक प्रभाव, अपूर्ण लक्ष्य एवं उनके कारण, नए वर्ष की प्राथमिकताएं एवं कार्ययोजना का एजेंडा प्रस्तुत किया। उपस्थित सदस्यों ने अपने सुझाव रखे तथा नए वर्ष की कार्ययोजना के बेहतर क्रियान्वयन हेतु सामाजिक उत्तरदायित्व तय किया। बैठक का संचालन अनिल कुमार मिश्रा ने किया। इस दौरान अजय तिवारी, संतोष दास सरल, अंचल ओझा, उमाशंकर पाण्डेय, मनोज भारती, सुनिधि शुक्ला, हिना खान, रीना ठाकुर, रेहान रजा खान, यश मिश्रा एवं संतोष कुमार विश्वकर्मा उपस्थित थे।

### कोयला तस्करी के मामले में पुलिस कर रही खरीददार व ट्रक मालिक की तलाश

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल की गायत्री खदान से कोयला तस्करी की लगातार खबरें सामने आने के बाद जिले के पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधिकारियों से सक्रियता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए है,एसएसपी के निर्देश पर दो दिनों पूर्व जिले की साइबर सेल की टीम ने गायत्री खदान से चोरी का कोयला लोड कर बिश्रामपुर की तरफ आ रही ट्राला क्रमांक सीजी 15 एसी 4616 को पकड़कर वाहन चालक व क्लीनर को गिरफ्तार किया है लेकिन मामले का मुख्य सरगना अब भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है,मामले में गिरफ्तार वाहन चालक रमायण यादव निवासी केनापारा चौकी करंजी एवं अन्य युवक प्रताप सिंह निवासी लैंगा से आवश्यक पूछताछ के बाद मामले में अवैध कोयला खरीददार व सप्लायर एवं ट्रक वाहन स्वामी की सरगर्मी से तलाश कर रही है बिश्रामपुर थाना प्रभारी टीआई प्रकाश राठौर ने बताया कि आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी है,बताया जाता है कि महंगई सहित आसपास क्षेत्र के बड़ी संख्या में कोयला तस्कर युवकों को आगे कर खदान से कोयला चोरी कराकर उनसे किलो के हिसाब से मामूली भाव में कोयला खरीदी करते हैं और फिर आवश्यकता अनुसार जिले सहित संभाग के ईंट भट्ठों में चोरी का कोयला की खपत करते हैं,बताया जाता है कि गत वर्ष भी सूरजपुर एसपी के निर्देश पर कार्यवाही हुई थी जिसमें दो ट्राला अवैध कोयला को पकड़ते हुए पुलिस ने इसी क्षेत्र में कार्यवाही की थी,प्राप्त जानकारी अनुसार उस समय जिस ट्रक वाहन से कोयला तस्करी करते हुए पुलिस ने पकड़कर कार्यवाही की थी,अब पुन: हाल ही में दो दिन पहले भी इसी वाहन से कोयला तस्करी करने की घटना सामने आई है जिसके बाद यह स्पष्ट हो रहा है कि लगातार तस्कर अपने ट्रक वाहनों का उपयोग चुराए गये कोयला की अवैध सप्लाई में ही करते हैं एवं ईंट भट्ठा की आड़ लेकर चोरी का कोयला बड़े पैमाने में खपाने का कार्य करते हैं।

### ग्राम महंगई बाजार में जुआ खेल रहे दो जुआरी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** क्षेत्र में गश्त कर रहे पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि महंगई बाजार में बड़ी संख्या में लोग एकत्र होकर हार जीत का दाव लगा रहे है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर जुआ खेल रहे गांव के ही राजु यादव आ. राम लोचन यादव (22 वर्ष) व संतोष रवि आ. शिवचरण रवि (40 वर्ष) को पकड़ा जबकि पुलिस को आते देख कई जुआरी भागने में सफल हो गए। पुलिस मौके से 2 हजार 780 रुपए सहित 52 पत्ती जब्त किया। पुलिस ने दोनों जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

### स्कूल व आंबा केंद्र से बर्तन व चावल की चोरी

**अम्बिकापुर।** विकासखण्ड वाड्रफनगर अंतर्गत ग्राम चमारसारी स्थित एक ही परिसर में संचालित मिडिल स्कूल, प्रायमरी स्कूल एवं आंबा केंद्र का ताला तोड़ चोरों ने चावल एवं भोजन बनाने के बर्तनों की चोरी कर ली। संस्था प्रमुखों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी है। छुट्टिया खत्म होने के बाद गुरूवार को शिक्षक स्कूल खोलने पहुंचे तो संस्थाओं के मुख्य द्वार का टूटा ताला एवं सामानों को बिखरा देख हैरान रह गए। शिक्षकों ने घटना की जानकारी संस्था प्रमुखों को दी। प्रमुखों के पहुंचने पर सामानों की जांच की गई तो मिडिल स्कूल के मध्याह्न भोजन बनाने का बड़ा गंज एवं सायकिल में हवा भरने वाला दो पंप प्राथमिक शाला से गैस सिलेंडर, कड़ाही एवं आंबा केन्द्र से कुकर एवं 56 किलो चावल गायब मिला। संस्था प्रमुखों ने मामले की सूचना पुलिस को दी है।

## विभिन्न क्षेत्रों में 13 हजार एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में हो रही खेती

# किसानों ने अपनी मेहनत से सरगुजा को बनाया सब्जी उत्पादन का हब





टमाटर एवं सेम की फसल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

क्षेत्र के किसानों ने अपनी मेहनत से सरगुजा को सब्जी उत्पादन का हब बना दिया है। सरगुजा में उत्पादित सब्जियां न केवल पड़ोसी राज्यों में निवासरत लोगों के भोजन का जायका बढ़ा रही हैं बल्कि पड़ोसी देश नेपाल एवं बांग्लादेश के लोगों की भी जरूरतें पूरी कर रही है।

**खास बात**
- सब्जी उत्पादन से किसानों को हो रहा अच्छा मुनाफा

तीन दशक पूर्व सरगुजा में बेहद कम मात्रा में सब्जियों का उत्पादन होता था। शहर के आसपास के क्षेत्रों में निवासरत बंगाली परिवार सब्जियों की खेती करते थे जबकि स्थानीय लोग सिर्फ आलू प्याज की खेती तक सीमित थे। स्थानीय जरूरतों की पूरी करने पड़ोसी राज्यों से सब्जियां मंगाई जाती थी। तब पत्थलगांव एवं लुड़ेग क्षेत्र में टमाटर की व्यापक स्तर पर खेती होती थी लेकिन बाजार उपलब्ध नहीं होने के कारण कृषकों को मिट्टी के मोल अपनी उपज बेचनी पड़ती थी। टमाटर की खेती में लगातार नुकसान होने के कारण किसानों ने टमाटर की खेती बंद कर दी जिससे सब्जियों की मांग पूरी तरह से पड़ोसी राज्यों पर निर्भर हो गई। वर्ष 2003 में सब्जी बीज निर्माता कंपनी ने विकासखण्ड लुण्ड्रा अंतर्गत ग्राम डूमरडीह में बरसात के दौरान एक किसान की आधा एकड़ जमीन में टमाटर की प्रदर्शन फसल लगवाया। फसल से किसानों को काफी आय हुई। इसके बाद गांव के अन्य किसानों ने भी टमाटर की खेती शुरू कर दी। टमाटर की खेती से किसानों को हो रहे मुनाफे से प्रेरित होकर अन्य किसान भी टमाटर की खेती के प्रति आकर्षित हुए तथा लुण्ड्रा ब्लॉक के गांव-गांव में टमाटर की खेती होने लगी। टमाटर का उत्पादन बढ़ने के साथ ही थोक व्यापारी सब्जियों के व्यवसाय में रूचि लेने लगे तथा व्यापारियों के माध्यम से सरगुजा का टमाटर पड़ोसी राज्य यूपी, बिहार, झारखण्ड एवं उड़ीसा की मंडियों में पहुंचने लगा। सब्जियों की भारी मांग एवं आय से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में किसान सब्जियों की खेती की ओर आकर्षित होने लगे। अब सरगुजा के किसान न केवल टमाटर बल्कि खीरा, बैंगन, गोभी, ब्रोकली, हरी मिर्च, शिमला मिर्च सहित विभिन्न सब्जियों की खेती कर न केवल अच्छी कमाई कर रहे हैं बल्कि हजारों लोगों को रोजगार दे रहे हैं।

### लगातार बढ़ रहा रकबा

सब्जियों की खेती से अच्छी आमदनी होने के कारण अब लुण्ड्रा ब्लॉक में गांव-गांव में बड़े पैमाने पर टमाटर सहित अन्य सब्जियों की खेती हो रही है। सरगुजा के अन्य क्षेत्रों के किसान भी बड़े पैमाने पर सब्जियों की खेती कर रहे हैं। जानकारों के अनुसार सरगुजा में वर्तमान में 10 हजार एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में टमाटर एवं 3 हजार एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में खीरा, बैंगन सहित अन्य सब्जियों की खेती हो रही है। खास बात है कि उत्पादन का 10 फीसदी हिस्सा स्थानीय बाजारों में जबकि 90 फीसदी उपज का विक्रय दूसरे राज्यों में हो रहा है। अपनी उपज को दूसरे राज्यों में भेजने किसानों ने स्वयं का पिकअप खरीदा है। बाहर के व्यापारी किसानों से संपर्क कर सीधे उनके खेत से सब्जियां खरीद रहे हैं। सब्जी व्यापारी सरगुजा की सब्जियों को सीधे नेपाल की मंडियों में पहुंचा रहे हैं जबकि पश्चिम बंगाल के व्यापारी सरगुजा में उत्पादित सब्जियों को बांग्लादेश तक भेज रहे है। जिस तरह से सरगुजा में सब्जियों की फसल का रकबा बढ़ रहा है आने वाले दिनों में सब्जी उत्पादन के क्षेत्र में सरगुजा के किसानों की अलग पहचान बनेगी।

### संसाधनों से बढ़ी सहूलियत

सब्जी उत्पादन में यह मुकाम हासिल करने में संसाधनों का भी अहम योगदान है। पिकअप से सब्जियां रातभर में 600 किमी दूर की मंडियों में पहुंच जा रही है। ड्रीप एरिगेशन से खीरा, बैंगन आदि के उत्पादन में गुणात्मक वृद्धि हुई है तथा विपरीत मौसम में भी किसान खीरा, हरी मिर्च, शिमला मिर्च आदि का व्यापक उत्पादन कर रहे हैं। प्लास्टिक के ट्रे के माध्यम से सरगुजा का टमाटर केरल, कर्नाटक एवं इलाहाबाद, गोरखपुर , नेपाल तक भेजना संभव हो सका है। संसाधनों के अभाव में न तो विपुल उत्पादन हो पाता न ही दूसरे राज्य की मंडियों तक सब्जियों का परिवहन करना ही संभव हो पाता।

### दूर-दूर तक मांग

सरगुजा में उत्पादित सब्जियों की मांग दूर-दूर की मंडियों तक है। यहां की सब्जियां नेपाल, गोरखपुर, लखनऊ, प्रयागराज, पटना, मुजफ्फरपुर, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, केरल, कर्नाटक, दिल्ली की मंडियों में भेजी जा रही है। बाहर के भी व्यापारी सब्जियां खरीदने किसानों के खेत में पहुंच रहे हैं।

**-काशी प्रसाद केशरी**
अध्यक्ष, थोक सब्जी विक्रेता संघ

# बाबा श्याम का भव्य संकीर्तन महोत्सव आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



श्री श्याम सेवा समिति सूरजपुर द्वारा बाबा श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन आज 2 जनवरी को किया जा रहा है।

- कलकत्ता के कारीगरों ने सजाया भव्य दरबार

आयोजन की तैयारियों को लेकर समिति द्वारा भव्य स्वरूप प्रदान करने के साथ श्याम रस की अलख जगाने के लिए श्याम जगत के भजन प्रवाहकों को आमंत्रित किया गया है। मुख्य आयोजन में श्री श्याम गुणगान शीतला पाण्डेय दिल्ली, पूजा नथानी कलकत्ता तथा अनमोल-शुभम कलकत्ता की जोड़ी विशेष रूप से बाबा श्याम की अलख जगाएंगे। श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव के द्वितीय संस्करण में रंगमंच मैदान में नगर पालिका के टेनसाईल डोम के नीचे विशेष रूप से बाबा का खजाना के रूप में भी एक ड्रा का भी आयोजन किया गया है।

इसके साथ ही बाबा का अलौकिक श्रृंगार, इत्र वर्षा व श्याम रसोई के साथ बाबा के महोत्सव को लेकर अभी से ही वातावरण धार्मिक हो गया है। आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। बाबा के दरबार को विशेष रूप से फूलों से सजाने के लिए कलकत्ता के दरबार सेवकों को आमंत्रित किया गया है, जो बाबा के आकर्षक दरबार को मूर्तरूप देने में जुटे हैं। वहीं श्याम संकीर्तन में पप्पू महाराज के पावन सानिध्य में राहुल अग्रवाल शीश सेवा प्रदान करेंगे तथा ख्याति प्राप्त भजन गायकों के द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजन की तैयारियों को लेकर सुनील अग्रवाल, पप्पल अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, अमित रोहिल्ला, पवन अग्रवाल, रोहित गर्ग, रूपेश मित्तल, रवि अग्रवाल, राकेश बंसल, प्रियांशु जैन, सचिन अग्रवाल, रवि पाण्डेय, विक्की कुमार, राहुल पाण्डेय, सुमित रोहिल्ला, प्रियांश मित्तल, सचिन अग्रवाल, अंश मित्तल, आशीष, यश अग्रवाल, प्रणव अग्रवाल सहित श्री श्याम सेवा समिति के सदस्य जुड़े हुए है।

# धान खरीदी केन्द्र के पूर्व समिति प्रबंधक को लेकर लामबंद हुए किसान, किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



धान खरीदी मंगारी में कार्यरत आजाद सिंह को हटाने को लेकर किसान न सिर्फ लामबंद हो गए बल्कि आज सरपंच के नेतृत्व में राष्ट्रीय राजमार्ग 43 मंगारी मुख्य मार्ग को जाम कर धरना प्रदर्शन करने लगे। सरपंचों के नेतृत्व में किसानों द्वारा अपनी मांग पूरी नहीं होने का आरोप लगाते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग 43 को बाधित कर दिया है जिससे लगभग एक घंटे तक आवागमन बाधित रही और राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

मंगारी स्थित धान खरीदी केंद्र राष्ट्रीय राजमार्ग 43 से लगा हुआ है जहां पिछले वर्ष सेदम निवासी आजाद सिंह को धान खरीदी केंद्र मंगारी का प्रभारी बनाया गया था। 2 महीने पूर्व ही आवेदन देकर धान खरीदी से हटाने की मांग को लेकर एनएच 43 पर प्रदर्शन कर जाम किया गया था। जिसके बाद प्रशासन द्वारा आजाद सिंह को मंगारी धान के प्रभारी पद से हटा दिया गया था। वर्तमान में चंद्रमणि प्रधान को समिति प्रभारी बनाया गया है और आजाद सिंह मंगारी धान खरीदी केंद्र में व्यवस्था हेतु वर्तमान में कार्यरत है। जिस पर आज लेकर कांग्रेस समर्थित बतौली सरपंच संघ की अध्यक्ष सुशीला भगत सरपंच विशुनपुर, महावीर सरपंच कपाटबहरी, पारस राम मंगारी सरपंच के नेतृत्व में प्रशासन को आवेदन देकर आजाद सिंह को पूर्ण रूप से मंगारी से हटाने जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंप। इससे पूर्व सरपंचों द्वारा प्रशासन पर आरोप लगाते हुए मांग को पूरा करने 50 की संख्या में किसानों के साथ एनएच 43 पर प्रदर्शन करते हुए चक्का जाम कर दिया है और आजाद सिंह को हटाने को लेकर नारेबाजी की। लगभग 1 घंटे तक आवागमन पूरी तरह बंद रहा। घटना की जानकारी लगते ही बतौली तहसीलदार गोविंद सिन्हा, नायब तहसीलदार कृष्णा कंवर, सीतापुर थाना प्रभारी अखिलेश सिंह टीम के साथ पहुंच आवागमन सुचारू कराया।

इस संबंध में सीतापुर एसडीएम राम सिंह ठाकुर ने बताया कि किसानों की मांग पर आजाद सिंह को सोमवार को ही धान खरीदी केंद्र मंगारी से हटा दिया गया है। पुलिस व प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच चक्का जाम समाप्त करवा दिया है।

# धान खरीदी प्रभावित होने पर स्टेडियम में शुरू हुई खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर



धान का उठाव नहीं होने के कारण विकासखण्ड लुण्ड्रा की सहकारी समितियों का बुरा हाल है। सहकारी समिति धौरपुर में चारो तरफ धान का अंबार लग गया है वहीं अन्य समितियों में धान रखने की जगह नहीं बची है। धान खरीदी प्रभावित होने की सूचना पर आनन-फानन में स्टेडियम ग्राउंड में धान खरीदी प्रारंभ करना पड़ा।

- उठाव नहीं होने के कारण चारो तरफ लगा धान का अंबार
- अन्य समितियों का भी बुरा हाल

क्षेत्र की सहकारी समिति द्वारा लगातार किसानों का धान खरीदा जा रहा है। जिससे समिति परिसर में चारों तरफ धान का अंबार लग गया है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक प्रबंधन एवं समिति प्रबंधकों की लगातार पहल के बावजूद अभी धान का उठाव शुरू नहीं हो सका है जिससे समितियों में धान रखने की जगह नहीं बची है। धौरपुर समिति में धान रखने की जगह नहीं होने के कारण खरीदी बंद करने की स्थिति निर्मित हो गई। आनन-फानन में प्रशासन द्वारा स्टेडियम परिसर में धान खरीदी की व्यवस्था की गई तो किसानों को राहत मिली। सहकारी समिति द्वारा अब तक क्षेत्र के पंजीकृत 1091 किसानों में से मात्र 786 किसानों से 48630 क्विंटल धान खरीदा गया है। शेष बचे किसानों का 70 हजार क्विंटल से अधिक धान की खरीदी शेष बची है। मंगलवार को समिति में धान रखने की जगह नहीं होने की सूचना पर प्रशासन द्वारा स्टेडियम परिसर में धान खरीदने की व्यवस्था की गई है। इस व्यवस्था से किसानों के धान बेचने की समस्या तो हल हो गई है लेकिन समिति कर्मियों की समस्या बढ़ गई है।

अलग-अलग दो स्थानों पर धान का भण्डारण होने के कारण सुरक्षा के लिए समिति को अलग-अलग व्यवस्था करनी पड़ेगी। विकासखण्ड की अन्य सहकारी समितियों में भी धान रखने की जगह लगातार कम होते जा रही है। सहकारी समिति डूमरडीह, सहनपुर, ससौली, बटवाही एवं कुंदी में संग्रहित धान का उठाव अब तक शुरू नहीं हो पाया है। जिसके कारण धान रखने की जगह कम होते जा रही है। संग्रहित धान का उठाव जल्द शुरू नहीं किया तो कभी भी खरीदी प्रभावित होने की संभावना जताई जा रही है।

# सबके सपने पूर्ण हों, रहे दिलों में हर्ष, दया महामाया करें, सुखद बने नववर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



नववर्ष के उपलक्ष्य में तुलसी साहित्य समिति द्वारा मालवीय भवन में कवि चंद्रभूषण मिश्र और पं.रामनारायण शर्मा के आतिथ्य एवं पूर्व व्याख्याता सच्चिदानंद पाण्डेय की अध्यक्षता में सरस कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। संचालन कवि अजय सागर और आशा पाण्डेय ने किया।

कार्यक्रम का श्रीगणेश मां वीणावती की सामूहिक पूजा एवं कवयित्री पूनम दुबे वीणा द्वारा प्रस्तुत सुंदर सरस्वती-वंदना से हुआ। बीडी लाल और एसपी जायसवाल द्वारा रचित रामायणों में आंशिक पाठ पश्चात पं.रामनारायण शर्मा ने नववर्ष पर सबको हार्दिक बधाइयां देते हुए कहा कि भारत एक विशाल देश है। यहां की संस्कृति में विविधता और अनेकता में एकता के दर्शन होते हैं। वर्ष के प्रथम दिन में प्रसन्नता और उत्साह का होना स्वाभाविक है। हम नए वर्ष का स्वागत उत्साह-उमंग के साथ करें। कवयित्री माधुरी जायसवाल ने नववर्ष में मानवता के पुष्पित होने की कामना की। कवयित्री आशा पाण्डेय ने सबको आपार खुशियां मिलने की दुआ अपने दोहे में की- मिले प्यार – आदर सदा, खुशियां मिले अपार। सभी रहे सुख-शांति से, महक उठे संसार। कवयित्री रूबी सिद्धिकी ने संस्कार बढ़ाने की गुजारिश की- नई डगर, नए कदम, एक नया सवेरा हो। संस्कार हमारे उच्च शिखर पर हों। मानवता की खुशबू से नववर्ष का अभिनंदन हो। वरिष्ठ कवयित्री गीता दुबे ने इसे नई खुशी और उम्मीदों का संवाहक बताया। संस्था के अध्यक्ष कवि मुकुंदलाल साहू ने अपने दोहे में सरगुजा की देवी मां महामाया की कृपा से नया साल सबके लिए सुखमय होने की कामना की- सबके सपने पूर्ण हो, रहे दिलों में हर्ष। दया महामाया करे, सुखद बने नववर्ष। कवयित्री अंजू प्रजापति ने गोस्वामी तुलसीदास की कविता-जथा लाभ संतोष सदा काहू सों कछु न चहोंगो की भांति यह सलाह दी कि जो मिला नहीं, उसका शोर कम करें और जो मिला है, उसका शुक्रिया करें। यही भाव वरिष्ठ गीतकार रंजीत सारथी के सरगुजिहा गीत में भी गूंजित हुआ। कवि सम्मेलन में कवि प्रकाश कश्यप ने नूतन वर्ष में भी आम आदमी को राहत नहीं मिलने की बात कही। इनके अलावा कार्यक्रम में कवयित्री शिरीन खान की- सच का सदा साथ दिया है हमने, झूठ को मात किया है हमने, कवयित्री सीमा तिवारी की – जिंदगी क्या चीज है मैं अब तक समझ न पाई, कवि रामलाल विश्वकर्मा की-आओ कुछ ऐसा करते हैं, औरों की पीड़ा हरते हैं, कवि राजेन्द्र राज की देखा रे संगी महादेव के आवत हे बारात, कवि विनोद तिवारी की जेल में भी कैदी कवि ने गजब ढा दिया, कविता सुनाकर कई कैदियों को पागल बना दिया और कवि अजय सागर की जोड़ने की कला मैने सीखी उम्र भर और काटते-काटते तुम भी कट जाओगे जैसी रचनाओं ने श्रोताओं को सोचने-विचारने को बाध्य किया। अंत में यादव विकास की प्रेरक गजल से कार्यक्रम का सुखद समापन हुआ। धन्यवाद ज्ञापन पूनम दुबे वीणा ने किया। इस अवसर पर केके त्रिपाठी, लीला यादव, अजय सिंह, संतोष उपाध्याय, विनोद सिंह, उमाशंकर गुप्त सहित कई काव्यप्रेमी उपस्थित रहे।

# किसान हुआ लूट का शिकार, बाइक सवार लूटेरों ने घटना को दिया अंजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

बैंक से पैसा आहरण कर घर जा रहे 60 वर्षीय साइकिल सवार किसान लूट का शिकार हो गया। पलक झपकते ही बाइक सवार अज्ञात लुटेरों ने साइकिल सवार किसान का पैसों वाला बैग लूटकर फरार हो गए। खून पसीने की कमाई एक झटके में गंवा देने के बाद बुजुर्ग किसान सदमे में है। दिनदहाड़े हुई इस घटना ने नगर की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है।

उक्त घटना नेशनल हाईवे क्र-43 में नगर पंचायत क्षेत्र के कसईढोढ़ी के पास दिन सोमवार को चार बजे की है। जहां ग्राम सुर पकरीखार निवासी 60 वर्षीय बुजुर्ग किसान जगन्नाथ राम लूट के शिकार हो गए। किसान अपने खून पसीने की कमाई बैंक से निकालकर चार बजे के आसपास अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान वो कसईढोढ़ी के पास मौजूद साइकिल दुकान में पहिया में हवा डलवाने के लिए रुके ही थे तभी बाइक सवार दो युवक वहां पहुंचे और पलक झपकते उनके साइकिल में टंगा हुआ रुपयों से भरा बैग लेकर फरार हो गए। बैग में किसान द्वारा बैंक से निकाली गई नगद राशि 30 हजार एवं बैंक का पासबुक था जिसे लुटेरे लूट कर फरार हो गए। अचानक हुए इस घटना के बारे में बुजुर्ग किसान समेत वहां मौजूद लोग कुछ समझ पाते तब तक लूट की घटना को अंजाम देने वाले बाइक सवार लुटेरे आंखों से ओझल हो चुके थे। एक झटके में अपनी खून पसीने की कमाई लुटेरों के हाथों गंवाने के बाद बुजुर्ग किसान सदमे में आ गया है। परिजन के अनुसार आर्थिक रूप से कमजोर किसान धान बेचने के बाद बैंक में जमा राशि निकालकर अपने घर जा रहा था ताकि इन पैसों से वो अपनी बेटी की शादी की तैयारी कर सके लेकिन लुटेरों ने घर जाने के दौरान रुपए से भरा बैग लूटकर किसान के सारे अरमानों पर पानी फेर दिया। कसईढोढ़ी के पास दिनदहाड़े हुई इस घटना ने नगर की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। नगर समेत क्षेत्र में बढ़ती लूटपाट की घटना से लोगों को अपने जानमाल की चिंता सताने लगी है। इस संबंध में एसडीओपी राजेंद्र मंडावी ने जांच की बात कही है।

# छात्रों को डेढ़ घंटे देरी से मिला बीकॉम तृतीय सेमेस्टर परीक्षा का प्रश्न पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

संत गहिरा गुरु विवि सरगुजा के परीक्षा विभाग व व्यवस्था की गुरुवार को असंवेदनशील कार्यप्रणाली उजागर हुई है। बीकॉम तृतीय सेमेस्टर ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट की निर्धारित परीक्षा देने शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर पहुंचे छात्र सुबह से ही केंद्र में मौजूद थे,लेकिन परीक्षा कक्षों में प्रश्न-पत्रों के अभाव में उन्हें करीब डेढ़ घंटे तक इंतजार करना पड़ा,बताया जा रहा है कि सुबह 9 बजे शुरू होने वाली परीक्षा विश्वविद्यालय प्रशासन की भारी चूक की वजह से डेढ़ घंटे बाद शुरू हो सकी।

- सुबह 9 बजे निर्धारित समय के बदले 10 .30 बजे विलम्ब से परीक्षा शुरू कराई गई
- विद्यार्थियों ने झेली मानसिक प्रताड़ना, आजाद सेवा संघ ने मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की

आजाद सेवा संघ के रचित मिश्रा ने इस घटना को प्रणालीगत विफलता करार देते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाह कार्यशैली पर सवाल किये हैं,उन्होंने कहा कि संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा संभाग का सबसे बड़ा शैक्षणिक केंद्र है, जिसके अंतर्गत लगभग 90 महाविद्यालय संचालित होते हैं,यदि शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर में ऐसी अव्यवस्था हो सकती है,तो आशंका है कि संभाग के अन्य केंद्रों में भी यही हाल रहा होगा,यह कोई साधारण मानवीय भूल नहीं,बल्कि परीक्षा विभाग की गंभीर लापरवाही है,गौरतलब है कि शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर में नए वर्ष के दिन बीकॉम तृतीय सेमेस्टर ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट की परीक्षा का समय सुबह 9 बजे तय था, लेकिन 10.30 बजे तक छात्र बिना प्रश्न-पत्र के बैठे रहे,डेढ़ घंटे की यह देरी न केवल अनुशासनहीनता का प्रमाण बनी, बल्कि छात्रों के आत्मविश्वास पर भी गहरा आघात पहुंचा,संघ के रचित मिश्रा के अनुसार जब परीक्षा में डेढ़ घंटे का विलंब हो चुका था, तो नियमों के अनुसार उसे रद्द कर दिया जाना चाहिए था,आधे-अधूरे मन से कराई गई परीक्षा विश्वविद्यालय की गलती पर पर्दा डालने की कोशिश है, घटना का सबसे बड़ा खामियाजा ग्रामीण अंचलों से आने वाले छात्रों को भुगतना पड़ा।आजाद सेवा संघ ने इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है,यह घटना न केवल एक परीक्षा की विफलता है, बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र की संवेदनशीलता और जिम्मेदारी पर बड़ा सवाल खड़ा करती है।



### उपार्जन केन्द्र पुहपुटरा में 65 बोरी अवैध धान जब्त


**अम्बिकापुर।** विकासखण्ड लखनपुर अंतर्गत धान उपार्जन केन्द्र पुहपुटरा का निरीक्षण करने पहुंचे नायब तहसीलदार ने 35 बोरी अवैध धान जब्त किया है।समिति प्रबंधकों से मिलीभगत कर कोचिए किसानों के नाम से अपना धान खपा रहे हैं। बुधवार को धान उपार्जन केन्द्र पुहपुटरा का निरीक्षण करने नायब तहसीलदार सर्वेश पटेल एवं उमेश तिवारी पहुंचे थे। इस दौरान चालक राकेश पिता बालेश्वर दास पिकअप में 65 बोरी धान लोड कर उपार्जन केन्द्र में बेचने पहुंचा था।



# इमरान-यामी की फिल्म हक आज ओटीटी पर

**मुंबई।** इमरान हाशमी और यामी गौतम की फिल्म 'हक'जब सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, तब क्रिटिक्स ने फिल्म को काफी सराहा था। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर फिल्म कोई खास प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। शाह बानो बेगम के केस पर आधारित यह फिल्म अब घर बैठे देख सकेंगे। क्योंकि, अब हक ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है। फिल्म 2 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम करेगी। आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर 'हक' का पोस्टर शेयर करते हुए इसकी घोषणा की। डिजिटल प्लेटफॉर्म की ओर से पोस्ट के कैप्शन में लिखा गया, 'घर की चार दीवारों से अदालत तक।

## लाइफ Style



# अलीजेह

## म्यूजिकल प्रोजेक्ट में सिद्धांत के साथ आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

साल 2014 में रिलीज हुई फ्रेंच फिल्म 'ला फैमिली बेलियर' का हिंदी रीमेक बनने वाला है। खबर है कि निर्माताओं ने इस म्यूजिकल फिल्म के लिए सिद्धांत चतुर्वेदी और अलीजेह अग्निहोत्री को कास्ट किया है। फिल्म का निर्देशन विकास बहल करने वाले हैं। इसकी शूटिंग जून से अगस्त के बीच शुरू हो सकती है।

'ला फैमिली बेलियर' एक कॉमेडी फिल्म है जिसके निर्देशक एरिक लार्टिगाउ हैं। इसकी कहानी 16 साल की एक लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है। लड़की अपने मूक-बधिर माता-पिता की देखभाल करती है। उसकी जिंदगी तब बदल जाती है, जब उसके म्यूजिक टीचर को उसकी खूबसूरत गाने की आवाज का पता चलता है। लड़की को अपने सपने को पूरे करने और अपने परिवार के प्रति अपनी जिम्मेदारी के बीच चुनाव करना होता है। 'ला फैमिली बेलियर' ने 2022 में 94वें एकेडमी अवॉर्ड्स (ऑस्कर) में बेस्ट पिक्चर का अवॉर्ड जीता था। 'सिद्धांत चतुर्वेदी और अलीजेह अग्निहोत्री की एक फिल्म है, जिसे विकास बहल डायरेक्ट करेंगे। यह बेहतरीन फिल्म होगी। यह एक फ्रेंच फिल्म 'ला फैमिली बेलियर' का रीमेक है, जिसका रीमेक बनाया जाएगा। इस फिल्म ने ऑस्कर जीता था। यह एक म्यूजिकल फिल्म है, यह संजय लीला भंसाली की 'खामोशी' जैसी है। हमने इसे ओरिजिनल फ्रेंच फिल्म से लिया है।' सिद्धांत चतुर्वेदी को आखिरी बार 2025 की फिल्म 'धड़क 2' में तृप्ति डिमरी के साथ देखा गया था। अलीजेह अग्निहोत्री ने साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म 'फर्रे' से एक्टिंग में डेब्यू किया था।

## हॉलीवुड मसाला



# 'मुझसे शादी' गाने पर किया डांस

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा के साथ शादी के बाद हॉलीवुड सिंगर निक जोनस पर देसी रंग चढ़ गया है। वह अक्सर हिंदी गानों पर थिरकते नजर आते हैं। निक जोनस ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें म्यूजिक बैंड के मेंबर और उनके भाई साथ नजर आ रहे हैं। निक और बाकी लोग प्रियंका चोपड़ा की बॉलीवुड फिल्म 'मुझसे शादी करोगे' के टाइटल ट्रैक पर झूमते दिखे। खासकर निक ने इस गाने पर जबरदस्त स्टेप्स किए।





# स्ट्रेंजर थिंग्स 5 में वेक्ना का होगा खात्मा?

**लॉस एंजिल्स।** 'स्ट्रेंजर थिंग्स' सीजन 5 का आखिरी एपिसोड सबसे लंबा बताया जा रहा है। फाइनल एपिसोड लगभग 2 घंटे और 5 मिनट का है। यह सीरीज इन दिनों सोशल मीडिया पर भी ट्रेंड कर रही है, आखिरी एपिसोड के कई स्पॉलर भी सामने आ रहे हैं। यह सीरीज अच्छाई और बुराई के कॉन्सेप्ट पर ही है। इस सीरीज में विलेन का किरदार यानी वेक्ना पांचवें सीजन में काफी ताकतवार हो चुका है। ऐसे में इलेंवन (सीरीज का लीड कैरेक्टर) और उसकी टीम के लोग वेक्ना का सामना करते हैं, इनमें से कई लोगों के पास सुपरपावर भी हैं। पांचवें सीजन में वेक्ना पास खतरनाक योजना है। हो सकता है कि इस बार सीरीज में कुछ किरदार मर भी जाएं। सोशल मीडिया पर एक खबर है कि हॉकिन्स नाम के किरदार को बचाने की कोशिश भी सीरीज में दिख सकती है।




# 9 को री-रिलीज को होगी किस किसको...

**मुंबई।** कॉमेडियन कपिल शर्मा ने अपने फैंस को बड़ी खुशखबरी दी है। उनकी अदाकारी वाली फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' एक बार फिर से सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म के निर्माताओं ने गुरुवार को ऐलान किया है कि यह फिल्म 9 जनवरी को री-रिलीज की जाएगी। निर्माताओं को यकीन है कि इस बार फिल्म पर दर्शक अच्छा रिस्पॉन्स देंगे। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श के मुताबिक फिल्म को पहले रणवीर सिंह की अदाकारी वाली फिल्म 'धुरंधर' और हॉलीवुड फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' की वजह से सिनेमाघरों में ज्यादा स्क्रीन नहीं मिल पाई थी। इसकी वजह से इसकी कमाई पर असर पड़ा था। फिल्म के निर्माता रतन जैन के मुताबिक लोगों में अभी भी फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' का क्रेज है।



# धुरंधर नए साल में कुछ बदलाव के साथ...

**मुंबई।** बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही रणवीर सिंह की धुरंधर का 1 जनवरी को नया वर्जन रिलीज किया गया है। इस नए वर्जन में धुरंधर में कुछ बदलाव किए हैं। साल 2025 में रणवीर सिंह की धुरंधर ने बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर दिया। फिल्म ने बहुत सी फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़े। ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर फिल्म 1,100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया। अब नए साल पर इस फिल्म को नए अंदाज में रिलीज किया गया है। नए साल पर फिल्म का रिवाइज्ड वर्जन रिलीज किया गया है। दरअसल, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा फिल्म में कुछ बदलाव बताए गए। उन्हीं बदलाव को ध्यान में रखते हुए फिल्म का नया वर्जन रिलीज किया गया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के निर्देश के मुताबिक, इस नए वर्जन में मेकर्स ने दो शब्दों को म्यूट किया है और एक डायलोग में बदलाव किया है।

## टीवी मसाला



# इक्कीस हमारे लिए आखिरी अनमोल निशानी है : अमिताभ

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन 'कौन बनेगा करोड़पति 17' में दोस्त धर्मेंद्र को यादकर भावुक हो गए। धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म 'इक्कीस' 1 जनवरी को नए साल पर रिलीज है, पर वह इस दुनिया में नहीं हैं। अमिताभ ने कहा कि 'इक्कीस' उनके लिए उनके दोस्त की आखिरी अनमोल निशानी है, जो उनका परिवार भी था। धर्मेंद्र 24 नवंबर 2025 को इस दुनिया को अलविदा कह गए और 1 जनवरी 2026 को उनकी फिल्म 'इक्कीस' रिलीज हो रही है। किसी ने सोचा नहीं था कि यह धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म साबित होगी, और वह इसे देखने के लिए भी नहीं रहेंगे। 'इक्कीस' में अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा लीड रोल में हैं, जो सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म में जयदीप अहलावत भी हैं। हाल ही जब अगस्त्य नंदा, जयदीप अहलावत और डायरेक्टर श्रीराम राघवन 'कौन बनेगा करोड़पति 17' में पहुंचे, तो बिग बी भावुक हो गए। उन्होंने जिगरी यार धर्मेंद्र को याद किया, जिनके साथ ढेरों फिल्में की थीं और गहरा रिश्ता था। वहीं, प्रोमो में अमिताभ बच्चन दोस्त धर्मेंद्र और उनकी फिल्म 'इक्कीस' के लिए कह रहे हैं, 'फिल्म 'इक्कीस' हमारे लिए वो आखिरी अनमोल निशानी है, जो हिंदी फिल्म जगत की महान विभूति अपने करोड़ों चाहने वालों के लिए छोड़ गए। एक कलाकार अपनी सांस के अंतिम छोर तक, कला की साधना करना चाहता है और कुछ ऐसा ही किया मेरे मित्र, मेरे परिवार, मेरे आदर्श, धर्मेन्द्र देव जी ने।' अमिताभ बच्चन ने आगे कहा, 'धरमजी सिर्फ एक शख्स नहीं थे, एक एहसास थे। और एहसास जो होता है, वो कभी जाने नहीं देता किसी के अंदर से। बस यादें बनकर, दुआएं बनकर साथ चलते रहता है।'

## भाबीजी घर पर हैं 2.0 में नहीं दिखेंगी सौम्या

**नई दिल्ली।** पॉपुलर सिटकॉम 'भाबीजी घर पर हैं!' दूसरे सीजन के साथ टीवी पर लौटा, जिसमें शिल्पा शिंदे 'अंगूरी भाभी' के रोल में वापसी कर चुकी हैं।



इस सीजन में पत्नियों की अदला-बदली दिखाई जाएगी और कई सारे ट्विस्ट भी होंगे। सौम्या टंडन ने जब 'भाबीजी घर पर हैं!' छोड़ा था, तो उसके बाद विदिशा श्रीवास्तव ने उन्हें शो में रिप्लेस किया था। अब शिल्पा शिंदे एक दशक बाद'भाबीजी घर पर है 2.0' में अंगूरी भाभी के रूप में लौटीं, तो फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं था। ऐसे में वो जानने को उत्सुक थे कि क्या टंडन भी वापसी करेंगी? इस बारे में सौम्या ने कहा, 'नहीं, मैं 'भाभीजी घर पर है 2.0' में बिल्कुल भी वापस नहीं आ रही हूं। मैं एक दूसरे प्रोजेक्ट में बिजी हूं। फिलहाल, मैं कुछ और कर रही हूं। इसलिए वापसी का तो सवाल ही नहीं उठता।' सौम्या टंडन ने यह भी कन्फर्म किया कि वह 'धुरंधर 2' में उल्फत के रूप में वापसी करेंगी। हालांकि, एक्ट्रेस ने यह भी कहा कि 'धुरंधर' के दूसरे पार्ट में उनका स्क्रीनटाइम कम होगा। वह बोलीं, ''धुरंधर पार्ट 2' में मेरा रोल बहुत छोटा है क्योंकि मेरे पति की मौत हो चुकी है।

# डेमोन कॉलोनी 3 का पहला लुक आया सामने

**मुंबई।** तमिल सिनेमा की चर्चित हॉरर-थ्रिलर फ्रेंचाइजी 'डेमोन कॉलोनी' अपनी नई किस्त के साथ दर्शकों को डराने के लिए तैयार है। डेमोन कॉलोनी 3 का पहला लुक सामने आते ही फिल्म को लेकर लोगों का उत्साह चरम पर पहुंच गया है।



पोस्टर में डर, रहस्य और अंधेरे की जो झलक दिखती है, वह साफ इशारा करती है कि इस बार कहानी पहले से कहीं ज्यादा खतरनाक मोड़ लेने वाली है। इस फिल्म के साथ एक बार फिर अरुल्निथी अपने लोकप्रिय किरदार में लौट रहे हैं। पहले दो पार्ट्स में जिस रहस्यमयी दुनिया और शापित घटनाओं ने दर्शकों को बांधे रखा था, तीसरे भाग में वही कहानी और गहराई के साथ आगे बढ़ती नजर आएगी। निर्देशक अजय ज्ञानमुथु ने इस फ्रेंचाइजी को सिर्फ डर तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसमें मनोवैज्ञानिक तनाव और रहस्य का ऐसा ताना-बाना बुना है, जिसने डेमोन कॉलोनी को अलग पहचान दिलाई। डेमोन कॉलोनी की टैगलाइन है- 'द एंड इज टू फार' यानी अंत अभी बहुत दूर है। यह टैगलाइन खुद में संकेत देती है कि पिछली फिल्मों में शुरू हुआ अंधेरे का खेल अभी खत्म नहीं हुआ है। पहले भागों में जिन अलौकिक शक्तियों और शाप का सामना किरदारों ने किया था, उसका असर अब भी बरकरार है और इस बार टकराव और भी भयावह होने वाला है। इस फिल्म में अरुल्निथी के साथ प्रिय भवानी शंकर, अर्चना रविचंद्रन, मुथुकुमार और मीनाक्षी गोविंदराजन भी अपनी भूमिकाओं में वापसी कर रहे हैं। एक ही कास्ट का लौटना इस बात का संकेत है कि कहानी में निरंतरता रहेगी और दर्शकों को उसी डरावनी दुनिया में फिर से ले जाया जाएगा, जहां हर मोड़ पर अनहोनी का अहसास होता है।

# 2026 में इन फिल्मों का होगा बॉक्स ऑफिस क्लैश, कार्तिक की रणबीर से होगी टक्कर...

**नई दिल्ली।** नए साल 2026 फिल्म के दीवानों के लिए मजेदार रहने वाला है। इस साल कुछ बेहतरीन फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इन फिल्मों का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। कुछ फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर क्लैश भी देखने को मिलेगा। इन फिल्मों में रणवीर सिंह की धुरंधर 2 से लेकर शाहिद कपूर की ओ रोमियो तक शामिल है।

***जना नायकन और द राजा साहब:*** सबसे पहला क्लैश जनवरी के महीने में ही देखने को मिलेगा। ये क्लैश तमिल भाषा की फिल्म जना नायकन और तेलुगु भाषा की द राजा साहब के बीच होगा। दोनों फिल्में 9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होंगी। जना नायकन में थलपति विजय लीड रोल में नजर आएंगे। वहीं, द राजा साहब में प्रभास और संजय दत्त नजर आएंगे।



***हैप्पी पटेल :*** खतरनाक जासूस और मायासभा: 9 जनवरी के बाद 16 जनवरी को बॉक्स ऑफिस पर क्लैश होगा। हैप्पी पटेल: खतरनाक जासूस आमिर खान के प्रोडक्शन में बनी फिल्म होगी। इस फिल्म से इमरान खान फिल्मों में कमबैक करेंगे। हैप्पी पटेल का क्लैश 16 जनवरी को राही अनिल बर्वे की फिल्म मायासभा से होगा। मायासभा एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म होगी।

***तू या मैं और ओ रोमियो :*** शनाया कपूर और आदर्श गौरव की फिल्म तू या मैं और शाहिद कपूर की फिल्म ओ रोमियो का क्लैश होगा। ओ रोमियो को विशाल भरद्वाज डायरेक्ट कर रहे हैं। तू या मैं 14 फरवरी को रिलीज होगी। वहीं, शाहिद कपूर की ओ रोमियो 13 फरवरी को रिलीज होगी।

***धुरंधर 2, टॉक्सिक और डकैत :*** 19 मार्च को बड़ा क्लैश देखने को मिलेगा। रणवीर सिंह की धुरंधर का पार्ट 2 इसी दिनी रिलीज होगी। साउथ के सुपरस्टार यश की टॉक्सिक और अनुराग कश्यप की फिल्म डकैत के बीच क्लैश देखने को मिलेगा।

***भूत बंगला और आवारापन 2:*** 2026 में अक्षय कुमार और इमरान हाशमी की भी क्लैश देखने को मिलेगी। अक्षय कुमार की भूत बंगला 2 अप्रैल को रिलीज होगी। वहीं, इमरान हाशमी की आवारापन 2 3 अप्रैल को रिलीज होगी।

***नागजिला और लव एंड वॉर:*** लिस्ट में कार्तिक आर्यन की फिल्म नागजिला और रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विकी कौशल की फिल्म लव एंड वॉर है। दोनों फिल्में 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती हैं।

## आने वाला हर दिन है अनमोल, आपकी सभी कोशिशें हों सफल

# कमल हासन-चिरंजीवी और धनुष समेत इन साउथ स्टार्स ने दी नए साल की बधाई

***नई दिल्ली।*** *नए साल का स्वागत हो चुका है। हर कोई अपने-अपने तरीके से साल 2026 की शुभकामनाएं दे रहा है। इसी कड़ी में साउथ सिनेमा के तमाम स्टार्स भी अपने-अपने फैंस को नए साल की शुभकामनाएं दे रहे हैं। इस मौके पर सुपरस्टार रजनीकांत जहां अपने घर के बाहर आए और फैंस का अभिवादन स्वीकार करते हुए उन्हें नए साल की शुभकामनाएं दीं। वहीं, कई अन्य सेलेब्स ने सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए फैंस को हैप्पी न्यू ईयर बोला है।*



### घर के बाहर खड़े फैंस से मिले रजनीकांत

तमिल सुपरस्टार रजनीकांत नए साल के मौके पर अपने घर के बाहर खड़े फैंस से आके मिले और उनका अभिवादन किया। इस दौरान थलाइवा ने पहले हाथ हिलाकर फैंस का अभिवादन किया, उसके बाद दोनों हाथ जोड़कर फैंस को धन्यवाद बोला। इस दौरान भारी संख्या में घर के बाहर फैंस इकट्ठा नजर आए।

### आपकी कोशिशें सफल हों

सुपरस्टार कमल हासन ने भी अपने फैंस को नए साल की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'एक और साल आने वाला है। पिछले साल से बेहतर, दयालु और समझदार बनने का एक और मौका। उत्कृष्टता एक निरंतर प्रक्रिया है। आपको नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं। आने वाला हर दिन अनमोल है। आपकी सभी कोशिशें सफल हों और आपको खुशी दें।'

### सकारात्मकता और एकजुटता से करें नए साल का स्वागत

मेगास्टार चिरंजीवी ने भी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के माध्यम से अपने फैंस को नए साल की शुभकामनाएं दीं। एक्टर ने लिखा, 'आप सभी को नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं। आइए इस वर्ष का स्वागत सकारात्मकता, आशा और एकजुटता के साथ करें और इसे सभी के लिए एक सुंदर साल बनाएं। नव वर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं।'

***अल्लू अर्जुन ने फैंस का जताया आभार :*** 'पुष्पा' स्टार अल्लू अर्जुन ने भी अपने फैंस के लिए शुभकामनाएं भेजते हुए लिखा, 'जैसे-जैसे यह साल खत्म हो रहा है, मेरे मन में केवल कृतज्ञता है। इस सफर के लिए, इससे मिले सबक के लिए और मेरे चारों ओर मौजूद प्यार के लिए। मेरे प्रशंसकों हर पड़ाव पर मेरा साथ देने के लिए धन्यवाद। आपका विश्वास मुझे हर दिन शक्ति और उद्देश्य देता है। उत्साह से आगे देख रहा हूं, आने वाले समय की शुरुआत के लिए तैयार हूं। नए साल 2026 की शुभकामनाएं।'

### इन स्टार्स ने भी दीं शुभकामनाएं

इसके अलावा साउथ के कई अन्य स्टार्स ने भी नए साल की शुभकामनाएं दीं। इनमें जूनियर एनटीआर, प्रभास, कार्थी, प्रकाश राज और रवि तेजा के नाम शामिल हैं।

### धनुष ने फैंस को बताया अपनी ताकत

*अभिनेता धनुष ने 2025 का आभार जताते हुए नए साल का स्वागत किया। अपने फैंस का आभार जताते हुए धनुष ने उन्हें अपनी सबसे बड़ी ताकत बताया। इसके साथ ही उन्होंने सभी को खुशहाल, स्वस्थ और समृद्ध नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। धनुष ने अंत में 'ओम नमः शिवाय' के साथ अपनी शुभकामनाएं पूरी कीं।*

### विजय ने फोटोज के साथ दीं शुभकामनाएं

*अभिनेता विजय देवरकोंडा ने अपने नए साल वेकेशन की कई तस्वीरें भी साझा कीं। इनमें वो अपने दोस्तों के साथ नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में नए साल की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं मेरे प्यारे दोस्तों। हम साथ-साथ आगे बढ़ें, ढेर सारी यादें बनाएं, अच्छे काम करें, प्यार, खुशी और जीवन को आगे बढ़ाएं। आप सभी को ढेर सारा प्यार।'*

**खबर संक्षेप**

## साइबर सेल ने 25 गुम मोबाइल फोन किए बरामद



**मनेन्द्रगढ़।** पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा के निर्देश तथा पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह के मार्गदर्शन में 1 दिसंबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक साइबर सेल मनेन्द्रगढ़ द्वारा गुम हुए मोबाइल फोनों की सतत खोज के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत साइबर सेल टीम की निरंतर मेहनत एवं तकनीकी दक्षता से कुल 25 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 3,30,000 है। बरामद किए गए सभी मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को विधिवत सुपुर्द किए गए। मोबाइल फोन वापस पाकर नागरिकों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने राहत और प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि गुम हुआ मोबाइल दोबारा मिल सकेगा, किंतु साइबर सेल की तत्परता और समर्पित प्रयासों से यह संभव हो पाया। मोबाइल प्राप्त करने वाले नागरिकों ने मनेन्द्रगढ़, पुलिस, साइबर सेल टीम एवं पुलिस प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया तथा कहा कि इस प्रकार की कार्यवाहियों से आमजन में सुरक्षा और विश्वास की भावना मजबूत होती है। इस सफलता में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले, प्रधान आरक्षक पुष्कल सिन्हा, आरक्षक भूपेन्द्र यादव, राकेश तिवारी एवं दीप तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## जिला अधिवक्ता संघ का नववर्ष मिलन समारोह



**मनेन्द्रगढ़।** जिला अधिवक्ता संघ मनेन्द्रगढ़ द्वारा नववर्ष के उपलक्ष्य में भव्य नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में न्यायालय से जुड़े समस्त न्यायाधीशगण, वरिष्ठ अधिवक्तागण और अधिवक्ता साथी काफी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह सौहार्दपूर्ण और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जहां सभी ने एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश सिंह,रविन्द्र जायसवाल, न्यायाधीश राजेन्द्र कुमार,विवेक तिवारी,लोकेश कुमार एवं आशीष सिंह ने उपस्थित न्यायिक परिवार को नववर्ष की बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से अधिवक्ताओं और न्यायाधीशों के बीच आपसी समन्वय, सहयोग और सौहार्द को मजबूती मिलती है। न्यायिक व्यवस्था को सशक्त बनाने में केवल विधिक कार्य ही नहीं बल्कि आपसी संवाद और सामंजस्य भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे आयोजनों से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और कार्य संस्कृति और अधिक सुदृढ़ होती है। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थितजन ने जिला अधिवक्ता संघ की इस पहल की प्रशंसा की और भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों को निरंतर आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

### नए साल में उमड़ी लोगों की भीड़

# विकास की बाट जोह रहा प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण घघीया जलप्रपात



घघीया जलप्रपात।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर**

प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण घघीया जलप्रपात उपेक्षा का शिकार हो गया है। संसाधनों की कमी और अनदेखी के कारण पर्यटन स्थल का विकास नहीं हो सका। वर्षों से चली आ रही मांग के बाद भी इस दिशा में कोई पहल नहीं हो पाई। ऐसे में अब लोग एक बार फिर से पर्यटन स्थल को चिन्हांकित कर इसके सम्पूर्ण विकास की मांग कर रहे है ताकि पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ ही क्षेत्र के लोगों को रोजगार उपलब्ध हो सके।

**खास बात**
- सुविधाओं का विस्तार होने से बढ़ेगा पर्यटन, क्षेत्र के लोगों को मिलेगा रोजगार

बता दें कि विकासखंड अंतर्गत क्षेत्र में स्थित घघीय जल प्रपात इन दिनों लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है और जिले के साथ ही आस पास जिलों से भी लोग यहां पिकनिक मनाने के लिए आ रहे है। यह जल प्रपात विकासखंड मुख्यालय से महज तीन किमी की दूरी पर ग्राम पतरापारा और लहुआ के बीच स्थित है। नए साल के मौके पर भी जल प्रपात में लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। लोगों ने अपने परिवार के सदस्यों, मित्रों के साथ जश्न मनाने के साथ ही नए साल का स्वागत किया। जलप्रपात की बात की जाए तो यह गेउर नदी पर स्थित है जो शंकरगढ़ की ओर से बहते हुए राजपुर क्षेत्र से होकर आगे चलकर महान नदी चिलमाकला में मिलती है। घघीया जलप्रपात में पर्यटन को लेकर अपार संभावनाएं हैं लेकिन सुविधाओं के अभाव के कारण यह पर्यटन स्थल अभी तक पूरी तरह विकसित नहीं हो सका है। घघीया पहुंच मार्ग की सड़क कूछ दूरी तक कच्ची है जिसे पक्की सड़क में तब्दील करने की लंबे समय से मांग की जा रही है। इसके अलावा नदी किनारे सीढ़ियां, सुरक्षा रेलिंग, पक्की सड़क, लाइटिंग, बैठने की व्यवस्था और स्वच्छता सुविधाओं की भी आवश्यकता है। घघीया जलप्रपात को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की मांग लंबे समय से स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के समक्ष रखी जाती रही है लेकिन अब तक अपेक्षित पहल नहीं हो सकी है। लोगों का मानना है कि यदि शासन-प्रशासन द्वारा ठोस कदम उठाए जाएं, तो प्रदेशभर से सैलानी यहां पहुंचेंगे, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे और क्षेत्र का आर्थिक विकास होगा।

**धार्मिक पर्यटन की भी है अपार संभावना**

नववर्ष के पहले दिन राजपुर स्थित मां महामाया मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं राजपुर से लगभग तीन किलोमीटर दूर कोठी पठार स्थित ओंकारेश्वर शिव मंदिर, जो गेउर नदी के तट पर स्थित है, वहां भी श्रद्धालुओं की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिलती। यह शिव मंदिर धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र है। महाशिवरात्रि के अलावा हर सोमवार को यहां भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि ओंकारेश्वर शिव मंदिर और आसपास के क्षेत्र को विकसित किया जाए, तो यह स्थान धार्मिक पर्यटन के रूप में भी उभर सकता है। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्र में सुरक्षा के इंतजाम भी किए गये थे और थाना प्रभारी भारतद्वाज सिंह द्वारा पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

**लोग कर रहे विकास की मांग**



**भाजपा प्रदेश मंत्री शिवनाथ यादव** ने कहा कि पर्यटन विकास से न केवल क्षेत्र की पहचान बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा। घघीया जलप्रपात को पर्यटन मानचित्र पर लाने के लिए शासन को विशेष योजना बनानी चाहिए।



**पूर्व विधायक लुंड्रा-सामरी डॉ. प्रीतम राम** ने कहा कि घघीया और ओंकारेश्वर शिव मंदिर जैसे स्थल धार्मिक और प्राकृतिक पर्यटन के संगम हैं। इनका विकास होने से पूरा क्षेत्र लाभान्वित होगा। यह विषय केवल राजनीति का नहीं, बल्कि क्षेत्रीय विकास का है।



**जनपद पंचायत राजपुर के अध्यक्ष विनय भगत** ने कहा कि जनपद स्तर से भी लगातार प्रस्ताव भेजे जा रहे हैं। सड़क, सीढ़ी, लाइटिंग और सुरक्षा व्यवस्था प्राथमिक आवश्यकता है। हमें उम्मीद है कि शासन-प्रशासन इस ओर जल्द ध्यान देगा।



**जनपद पंचायत उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल** ने कहा कि घघीया जलप्रपात राजपुर विकासखंड का गौरव है। इसके विकास से आसपास के गांवों को भी लाभ मिलेगा। स्थानीय निकाय हरसंभव सहयोग के लिए तैयार हैं।

# हेलमेट जागरूकता के लिए निकाली बाइक रैली



**हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़**

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा के निर्देश और पुलिस अधीक्षक मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर श्रीमती रत्ना सिंह के मार्गदर्शन में सड़क यातायात सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एमसीबी जिला पुलिस द्वारा हेलमेट जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया गया।

बाइक रैली सिटी कोतवाली परिसर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए विभिन्न चौक-चौराहों से गुजरी। रैली के माध्यम से आम नागरिकों, विशेषकर दुपहिया वाहन चालकों को यह संदेश दिया गया कि हेलमेट पहनना केवल कानूनी बाध्यता नहीं बल्कि जीवन सुरक्षा का सबसे प्रभावी साधन है। रैली के दौरान पुलिस कर्मियों ने स्वयं हेलमेट पहनकर बाइक चलाई और हेलमेट पहनें सुरक्षित रहें, आपकी सुरक्षा, आपकी जिम्मेदारी जैसे स्लोगन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। कई स्थानों पर वाहन चालकों को रोककर उन्हें हेलमेट के महत्व के बारे में समझाया गया तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों और गंभीर चोटों का प्रमुख कारण हेलमेट का उपयोग ना करना है। हेलमेट पहनने से सिर की गंभीर चोटों से बचाव संभव है, जिससे दुर्घटना के दौरान जान बचाई जा सकती है। एमसीबी पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं हेलमेट पहनें और अपने परिवार के सदस्यों, विशेषकर युवाओं को भी इसके लिए प्रेरित करें।

## उमरवाह में आंगनबाड़ी केन्द्र का शुभारंभ

मनेन्द्रगढ़। एमसीबी जिले के भरतपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत उमरवाह के बैगा पारा में नवस्थापित आंगनबाड़ी केन्द्र उमरवाह बैगा पारा का शुभारंभ 1 जनवरी को पारंपरिक विधि-विधान एवं हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। शुभारंभ अवसर पर पंडित द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कराई गई। तत्पश्चात ग्राम पंचायत की मुखिया सरपंच श्रीमती सुनीता सिंह मरावी ने फीता काटकर आंगनबाड़ी केन्द्र का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर पूरे गांव में उत्सव का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केन्द्र के संचालन से जुड़े सभी प्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता रही। शुभारंभ अवसर पर सरपंच श्रीमती सुनीता सिंह मरावी के



साथ पंचायत सचिव जगमोहन राम बेनवंश उपस्थित रहे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती कलावती मिश्रा एवं सहायिका पूजा बैगा ने केन्द्र की कार्यप्रणाली, बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य देखभाल तथा प्रारंभिक शिक्षा से संबंधित जानकारी साझा की। पंचायत प्रतिनिधियों में पंच श्रीमती कुसुम सिंह नेटी, श्रीमती फूलमतिया बैगा एवं श्रीमती केशकली सिंह मरपच्ची की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## एएसपी चौबे ने संभाला पदभार

बैकुंठपुर । कोरिया जिले की पुलिसिंग व्यवस्था में श्रीमती सुरेशा चौबे ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में अपना पदभार संभाल ली हैं। वे वर्ष 2007 बैच की राज्य पुलिस सेवा की अधिकारी हैं। इससे पूर्व वे छठवीं बटालियन रायगढ़ में सहायक सेनानी के पद पर पदस्थ थीं। पदभार ग्रहण के बाद श्रीमती चौबे ने महिला संबंधी अपराधों के त्वरित निराकरण एवं कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता जताई।

- पंकज को दी गई विदाई

इसी क्रम में छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल का कोरिया से स्थानांतरण होने पर पुलिस परिवार द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, नवपदस्थ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुरेशा चौबे, उप



पुलिस अधीक्षक नेल्सन कुजूर, श्याम मधुकर, राजेश साहू, रक्षित निरीक्षक नीतीश आर. नायर सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं रक्षित केंद्र का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। समारोह में वक्ताओं ने श्री पंकज पटेल के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में जिले में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को मजबूती मिली। वहीं श्री पटेल ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए कोरिया पुलिस परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया।

# शिक्षा मंडल की परीक्षाओं को लेकर कलेक्टर ने की समीक्षा बैठक

**हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर**

छग माध्यमिक शिक्षा मंडल (सीजीबीएसई) की 2026 परीक्षाओं की तैयारी को लेकर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में फरवरी माह में आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षा की तैयारी को लेकर जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के छमाही परीक्षा परिणामों के आधार पर प्रत्येक विद्यालय की समीक्षा की गई।



बैठक लेती कलेक्टर।

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने उपस्थित सभी प्राचार्यों को निर्देश दिए कि सभी बच्चों को पाठ्यक्रम की पढ़ाई ब्लूप्रिंट के आधार पर कराई जाए तथा महत्वपूर्ण प्रश्नों का लिखित अभ्यास कराया जाए। उन्होंने विशेष रूप से प्राचार्यों को मेधावी छात्रों की यूनिटवार कॉपियां नियमित जांचने और उदाहरणों के माध्यम से अधिक से अधिक प्रश्न पत्र हल करने के निर्देश दिए। मिशन 100 प्रतिशत के लक्ष्य व अपने छमाही परिणाम के आधार पर तैयारी सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि जनवरी, फरवरी एवं मार्च माह में सभी संस्था प्रमुखों एवं व्याख्याताओं को जिला कार्यालय की अनुमति के बिना अवकाश पर नहीं रहना होगा। साथ ही जिले के समस्त विद्यार्थियों का आधार आईडी संकुल प्राचार्य समयावधि में तैयार करना सुनिश्चित करें। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि 10 वीं एवं 12 वीं कक्षाओं के छात्रों की पढ़ाई अच्छे से करानी है ताकि वे भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार हो सके। सीईओ डॉ.चतुर्वेदी ने शिक्षकों भविष्य निर्माता बताते हुए कहा कि सभी विद्यालयों में पाठ्यक्रम पूर्णता, पुनरावृत्ति अभ्यास, सरप्राइज टेस्ट आयोजित करने तथा कठिन विषयों के लिए संकुल स्तर पर शिक्षकों की टीम गठित करें ताकि बच्चों के बेहतर भविष्य का नींव रखा जा सकें। बैठक में अंतर- स्कूल प्रतियोगिताओं, कार्यशालाओं एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रमों के माध्यम से शैक्षिक गुणवत्ता सुधारने पर बल दिया गया।

## गुरुद्वारा में नगर कीर्तन का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के पावन प्रकाश पर्व के अवसर पर 2 जनवरी को गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा मनेन्द्रगढ़ के तत्वावधान में भव्य नगर कीर्तन का आयोजन श्रद्धा, मर्यादा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। शाम 5 बजे स्टेशन रोड स्थित गुरुद्वारा साहिब से आरंभ हुए नगर कीर्तन में श्रद्धालुओं का विशाल जनसैलाब उमड़ पड़ा।

चारों ओर वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह के जयकारों से वातावरण गूंज उठा और पूरा नगर गुरु भक्ति में सराबोर हो गया। नगर कीर्तन शहर के प्रमुख मार्गों जैसे रेलवे स्टेशन रोड, राजस्थान भवन, गांधी चौक,



श्रीराम मंदिर, जैन मंदिर, फुहारा चौक, पुरानी नगरपालिका तिराहा और विवेकानंद चौक से होते हुए पुनः गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर संपन्न हुआ। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर संगत का स्वागत किया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया। नगर कीर्तन की अगुवाई पंज प्यारे कर रहे थे, जिनके पीछे गुरु ग्रंथ साहिब जी की पालकी श्रद्धा के साथ सुशोभित रही। गुरुवाणी कीर्तन, शबद गायन और ढोल-नगाड़ों की मधुर ध्वनि ने आध्यात्मिक उल्लास को चरम पर पहुंचाया।

## स्वास्थ्य मंत्री ने किया हाई स्कूल भवन का लोकार्पण

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले के मनेन्द्रगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत छिपछिपी में शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में नव निर्मित हाई स्कूल भवन का लोकार्पण समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस गरिमामय अवसर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। उनके ग्राम पंचायत पहुंचने पर ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं विद्यार्थियों द्वारा फूल-मालाओं के साथ भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम में मंत्री श्री जायसवाल के साथ जिला पंचायत सदस्य राम बाबू, जनपद



पंचायत सदस्य, ग्राम पंचायत के पंच-सरपंच, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण सहित काफी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। स्वास्थ्य मंत्री द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात हाई स्कूल भवन का लोकार्पण किया गया, जिससे क्षेत्र में शिक्षा की सुविधाओं को नई मजबूती मिली है। हाई स्कूल भवन के लोकार्पण के पश्चात विद्यालय परिसर में एक सांस्कृतिक एवं स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के तिलक-वंदन एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान पूर्वक स्वागत के साथ की गई। इसके पश्चात विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गई।




## पृष्ठ 1 का शेष

### हरिभूमि की पत्रकारिता...

दी है। ग्रामीण अंचलों से लेकर शहरी समस्याओं तक, आमजन की पीड़ा, प्रशासनिक गतिविधियां, सामाजिक सरोकार और सकारात्मक पहल हर विषय को गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ पाठकों तक पहुंचाने का कार्य हरिभूमि ने किया है। इसी तरह अन्य वक्ताओं ने कहा कि आज के दौर में जब मीडिया पर व्यावसायिकता हावी होती जा रही है, ऐसे समय में हरिभूमि अपनी विश्वसनीयता, सत्यनिष्ठा और समाज के प्रति प्रतिबद्धता के कारण अलग पहचान बनाए हुए है। हरिभूमि ने न केवल खबरों का प्रकाशन किया, बल्कि सामाजिक जागरूकता, सांस्कृतिक मूल्यों और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाकर समाज को दिशा देने का कार्य भी किया है। अतिथियों ने यह भी कहा कि प्रत्येक वर्ष हरिभूमि का कैलेंडर मात्र तिथियों का संकलन नहीं है, बल्कि यह समाज, संस्कृति, परंपरा और समसामयिक घटनाओं का जीवंत दस्तावेज है। यह अपने पाठकों को वर्षभर प्रेरणा देने वाला माध्यम बन चुका है। सभी ने हरिभूमि परिवार को उनकी निष्पक्ष पत्रकारिता, जनसेवा और सतत सकारात्मक प्रयासों के लिए बधाई देते हुए अपेक्षा जताई कि भविष्य में भी हरिभूमि इसी तरह जनभावनाओं की सशक्त आवाज बनकर समाज को दिशा देता रहेगा। विमोचन कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ प्रतिनिधि ओमप्रकाश तिवारी, चरचा प्रतिनिधि अंकित अग्रवाल, विज्ञापन प्रभारी अजय ठाकुर, राहुल सिंह, दुर्गेश साहू सहित अन्य लोग काफी संख्या में मौजूद रहे।

### 82 ग्राम पंचायत...

गति मिली है, इसके बावजूद 82 ग्राम पंचायतों में भौतिक प्रगति अपेक्षा के अनुरूप नहीं पाई गई, जिसे जिला प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। बार-बार निर्देश दिए जाने के बाद भी सुधार नहीं होने पर संबंधित ग्राम पंचायत सचिवों को तीन दिवस के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने तथा कार्य में तत्काल प्रगति लाने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय-सीमा में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने की स्थिति में नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। वहीं, शेष लक्ष्यों की पूर्ति के लिए कार्य सतत रूप से जारी है, ताकि अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ समय पर मिल सके।

